# Gokul Recent Programmes

## ❖Beneficiaries of Gokul Artificial Limb Centre FY 2020-21



Sh Ajay Kumar



Sh Harish Negi



Smt Anari Devi



Sh Rakesh Kumar



Sh Ashwani Kumar



Ms. Nazia Mansoori

# ❖Beneficiaries of Gokul Artificial Limb Centre FY 2021-22




श्री संदीप सिंह




श्री जीतराम उनियाल



श्री लुदार सिंह



श्री शंकर लाल




श्री भारत सिंह




मास्टर राघव गौर

# एक नया सवेरा" एक सशक्त कदम विशिष्ट रूप से अलंकृत जन की आत्मनिर्भरता की ओर जनपद रूद्रप्रयाग में गोकुल के आर्थिक सहयोग से संस्था के लाभार्थी श्री विनोद नेगी हेतु कम्प्यूटर केन्द्र का उद्‌घाटन

श्री विनोद नेगी का जन्म देवभूमि उत्तराखण्ड के जनपद रूद्रप्रयाग के स्यूर गाँव, तहसील बसुकेदार में हुआ। 2 वर्ष की आयु मे श्री विनोद को पोलियो हो गया, विनोद के पिता की पहाड़ से पैर फिसलने से मृत्यु हो गयी। इससे श्री विनोद की शिक्षा दादा जी की सहायता से बहुत कठिनाई से हुयी। पर कठिन परिस्थितियों में वह घर पर ही रहने को विवश हो गये।

निराशा के इन क्षणों में ही श्री विनोद की मुलाकात गोकुल संस्था की सचिव सुश्री मधु मैखुरी से गोकुल द्वारा गोपेश्वर, जनपद चमोली में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में हुयी। श्री विनोद ने सुश्री मधु मैखुरी से अपने जीवन के संघर्ष, व्यथा को व्यक्त किया। तत्पश्चात परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी जी का मार्गदर्शन श्री विनोद नेगी के जीवन में वह परिवर्तन का क्षण ले आया, जिससे वह आज गुमनामी और निराशा के अंधकार भरे जीवन से निकल कर एक उपयोगी जीवन जी रहे हैं।

वर्ष 2010 में श्री जगूड़ी जी द्वारा श्री विनोद नेगी को अपने गाँव स्यूर से देहरादून आने और गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र हर्रावाला में ही रहकर कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा तत्पश्चात गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र हर्रावाला में कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु उत्साहित किया गया। श्री जगूड़ी जी को पहाड़ों से युवा शक्ति के पलायन की विवशता का अहसास था। उनका स्वप्न है कि युवाजन पहाड़ों में रहकर ही आत्मनिर्भर और स्वावलम्बी बने और पहाड़ के विकास में अपना योगदान दे पायें।

गोकुल की सहायता से श्री विनोद नेगी हेतु ग्राम भीड़ी जनपद रूद्रप्रयाग में साक्षी कम्प्यूटर केन्द्र की स्थापना वर्ष 2013 में की गयी। श्री विनोद नेगी द्वारा रूद्रप्रयाग जनपद की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में 21 दिव्यांगजन, 1664 बीपीएल परिवारो तथा 25 आपदाग्रस्त बच्चों को तथा 3500 सामान्य बच्चों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। आत्मनिर्भर होने से श्री विनोद नेगी का विवाह सुशिक्षित सुश्री विनीता देवी से दिसम्बर 2013 मे हुआ। श्रीमती विनीता देवी नेत्र दिव्यांग होने पर भी पोस्ट ग्रेजुएशन तक शिक्षा प्राप्त है। परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी जी द्वारा ग्राम भीरी में साक्षी कम्प्यूटर केन्द्र में श्रीमती विनीता देवी से कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रेरणा दी गयी। श्री विनोद नेगी हेतु रूद्रप्रयाग जनपद में ही आपदाग्रस्त ग्राम कंडारा में गोकुल की सहायता से कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र दिनांक 31.10.2020 में खोला गया है। दिनांक 17.10.2021 को गोकुल द्वारा ग्राम भीरी एवं कंडारा केन्द्र हेतु 6 कम्प्यूटर एवं 2 प्रिटंर प्रदान किये गये। परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी जी द्वारा जन्मित विचार कि दिव्यांग जीवन भी उपयोगी हो सकता है, को श्री विनोद नेगी ने चरितार्थ किया।

## ग्राम कंडारा में कम्प्यूटर केन्द्र के उद्‌घाटन दिनांक 31.10. 2020 के अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय श्री भरत सिहं चौधरी विधायक, रूद्रप्रयाग विधानसभा एवं परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी जी के साथ श्री विनोद नेगी








परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी ग्राम भीरी में कम्प्यूटर केन्द्र हेतु
श्री विनोद नेगी को दिनांक 17.10.2021 को कम्प्यूटर एवं प्रिंटर प्रदान करते हुए













## गोकुल संस्था द्वारा सुश्री संपदा सिन्हा को ऑल इण्डिया लॉ की प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मान

गोकुल संस्था द्वारा माननीय श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के कर कमलों से सुश्री संपदा सिन्हा को सम्मानित किया गया। सुश्री संपदा दृढ़ लगन एवं मेहनत से ऑल इण्डिया लॉ की प्रवेश परीक्षा वर्ष 2020 में Person with Disability Category में पूरे देश में 15वीं रैंक लायी हैं। उन्होने उत्तराखण्ड को गौरव का क्षण प्रदान किया है। बीएचयू में लॉ दाखिले में भी पूरे देश में 4 रैंक में उनका चयन हुआ है। सुश्री संपदा ने समाज में मिसाल कायम की है। गोकुल संस्था विलक्षण प्रतिभाओं के सम्मान हेतु समर्पित है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सुश्री सपंदा की सफलता पर बधाई देते हुए उन्हें दिनांक 10 अक्टूबर 2020 को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर गोकुल संस्था की सचिव सुश्री मधु मैखुरी तथा सुश्री सम्पदा के माता श्रीमती छाया सिन्हा एवं पिता श्री एस के सिन्हा भी उपस्थित रहे।



# गोकुल संस्था के लाभार्थी का अपर मुख्य सचिव, उत्तराखंड द्वारा सम्मान

गोकुल संस्था परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी जी के मार्गदर्शन में दिव्यांग जान की आत्मनिर्भरता हेतु सतत संकल्पित है। गोकुल का विश्वास है की दिव्यांग व्यक्ति में असीमित संचित ऊर्जा होती है , जो स्नेह और सकारात्मकता के माहौल में पल्लवित हो परिवार एवं समाज के उत्थान में सार्थक होती है। इसी कड़ी में गोकुल संस्था के लाभार्थी सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित श्री दीपक नौटियाल, गोकुल द्वारा प्रद्दत आर्थिक एवं मानसिक सहयोग एवं सतत उत्साहवर्धन से बी.एस. सी तक शिक्षा पूर्ण कर भारतीय स्टेट में कनिष्ठ सहायक के रूप में दिनाक २२.०२ .२०२२ को नियुक्त हुए। विषम परिस्तिथियों में भी जीने की चाह बनाये रखने में तथा कर्म का मार्ग प्रशस्त करने में गोकुल ने सदैव उनका साथ दिया। उनकी उपलब्धि पर गोकुल द्वारा श्रीमती राधा रतूड़ी , अपर मुख्य सचिव ,उत्तराखंड एवं श्री आर के सिंह, उपमहाप्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, उत्तराखण्ड के कर कमलों से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।





## गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र हर्रावाला हेतु कम्प्यूटर वितरण कार्यक्रम का सॅफल आयोजन

**गोकुल संस्था द्वारा दिनांक 27.02.2022 को गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र हर्रावाला, देहरादून हेतु कम्प्यूटर वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता श्री एस के गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र हर्रावाला हेतु 06 कम्प्यूटर एवं 02 प्रिटंर प्रदान किये गए।**

मुख्य अतिथि एडवोकेट श्री एस के गुप्ता एवं परमाध्यक्ष गोकुल श्री मोहन जगूड़ी,
श्री धीरज रावत, कम्प्यूटर प्रशिक्षक,गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र हर्रावाला को कम्प्यूटर एवं प्रिटंर प्रदान करते हुए

0








## ❖ गोकुल संस्था द्वारा " एक शाम महिलाओ के हुनर के नाम " कार्यक्रम का सफल आयोजन

गोकुल संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर " एक शाम महिलाओ के हुनर के नाम" कार्यक्रम का सफल आयोजन गोकुल केंद्र तेगबहादुर रोड देहरादून में दिनांक ७ मार्च २०२२ को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में माननीया श्रीमती सुशीला बलूनी, पूर्व अध्यक्षा, उत्तराखंड महिला आयोग, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती साधना शर्मा, अध्यक्षा 'उमा' संस्था एवं श्रीमती मंजू श्रीवास्तव, संस्थापिका, सृजन संस्था की गरिमामयी उपस्तिथि रही। श्रीमती उमा संगल द्वारा होली उत्सव पर मधुर गीत सुनाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी । तबले पर महिमा ने उनका साथ दिया। श्रीमती सुनीता भट्ट द्वारा फूलदेई त्योहार पर मांगलिक गीत सुनाया गया। अग्रतर कार्यक्रम में श्रीमती कनक नेगी, श्रीमती अनीता सोनी, श्रीमती दीपा बिष्ट, श्रीमती आभा सक्सेना, श्रीमती कृष्णा जोहरी, सुश्री सरोज नेगी द्वारा मोहक काव्य/गीत की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में श्रीमती उषा मोहन, श्रीमती उषा गुसाईं, श्रीमाई शारदा गुप्ता तथा श्रीमती ममता लाल द्वारा भी सहभागिता की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को गोकुल द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गण के कर कमलों से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।







## ❖ गोकुल संस्था द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का नई टिहरी में दिनांक २७ मार्च २०२२ को सफल आयोजन

गोकुल संस्था द्वारा दिनांक 27 मार्च २०२२ को निशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन नगर पालिका परिसर, नई टिहरी में किया गया । शिविर का आयोजन श्रीमती ईवा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी, जनपद नई टेहरी के मार्ग दर्शन एवं ऊर्जावान संरक्षण में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में माननीया श्रीमती सीमा कृषाली , अध्यक्षा, नगर पालिका, नई टिहरी , अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ संजय जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद टिहरी एवं श्री मोहन सिंह पंवार, विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री किशन सिंह चौहान, समाज कल्याण अधिकारी, जनपद टिहरी तथा श्री सतीश चमोली, रिटायर्ड, सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, की गरिमामयी उपस्तिथि रही । शिविर में देहरादून से वरिष्ठ न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ शशेन्द्र सक्सेना, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष कर्नाटक, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ डी एम् काला, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देहरादून से डॉ प्रेम नारायण वैश्य एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ आनंदिता, दृष्टि आई सेंटर देहरादून से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ तुलासीप्रिया एवं डॉ वैभव भट्ट तथा नेत्र जाँच हेतु विशेषज्ञ टीम द्वारा लगभग 422 द्वारा रोगियों को निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, बौराड़ी, नई टिहरी द्वारा 10 दिव्यांग व्यक्तियो को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया गया । रोगियों की ब्लड प्रेशर जाँच तथा ब्लड शुगर जाँच की सुविधा भी दी गयी तथा निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में गोकुल द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से लगभग 400 व्यक्तियों को दवा वितरण किया गया। NIEPVD द्वारा 46 जरूरतमंद व्यक्तियों को व्हील चेयर, बैशाखी, हेयरिंग ऐड, वाकिंग स्टिक तथा चश्में प्रदान किये गये।


मुख्य अतिथि द्वारा व्हील चेयर वितरण


डॉ डी एम काला, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ


डॉ शशेन्द्र सक्सेना न्यूरो रोग विशेषज्ञ



डॉ संतोष कु0 कर्नाटक अस्थि रोग विशेषज्ञ



डॉ प्रेम नारायण वैश्य फिजिशियन मैक्स, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल



डॉ आनंदिता, स्त्री रोग विशेषज्ञ मैक्स, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल



**रोगियों हेतु पंजीकरण**





**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं चिकित्सक जिला चिकित्सालय बौराड़ी नई टिहरी द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी तथा ऑडियोमेट्री जॉच**





डॉ तुलासीप्रिया एवं डॉ वैभव भट्ट नेत्र रोग विशेषज्ञ दृष्टि आई सेन्टर










एन आई वी पी वी डी द्वारा चश्मा वितरण, हेयरिंग ऐड बैशाखी वितरण



ब्लड जाँच





गोकुल द्वारा दवा वितरण

## गोकुल संस्था द्वारा गोकुल केंद्र में दिनांक 17 अप्रैल २०२२ को स्वास्थय जागरूकता समारोह का सफल आयोजन

गोकुल संस्था द्वारा दिनांक 17 अप्रैल २०२२ को स्वास्थय जागरूकता समारोह का आयोजन गोकुल केंद्र, देहरादून में किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री सुरेश गड़िया, विधायक, कपकोट विधानसभा क्षेत्र द्वारा किया गया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता श्री एस सी मित्तल की उपस्तिथि रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर महेश कुड़ियाल, वरिष्ठ न्यूरो सर्जन, सीएमआई हॉस्पिटल देहरादून द्वारा न्यूरो रोग से बचाव एवं उपचार सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी।

समारोह में गोकुल द्वारा दिव्यांग एवं जरूरतमंद व्यक्तियो सुश्री रीना एवं श्री राजेश्वर प्रसाद उनियाल को व्हील चेयर, श्रीमती प्रियंका कंडारी एवं श्रीमती सोनाली रावत को उनके बच्चों हेतु स्कूल फीस, श्री गुलशन अंसारी, नई टिहरी को सिलाई मशीन , श्री अंशुमान को उनके गृह स्थल बसुकेदार जनपद रुद्रप्रयाग में कंप्यूटर सेंटर के लिए ५ कंप्यूटर , श्रीमती सावित्री देवी एवं मास्टर गगन दीप कोचिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता एवं श्री अपूर्व नौटियाल को कंप्यूटर टेबल प्रदान की गयी।













# गोकुल द्वारा दिव्यांगजन हेतु सहायता

दवा वितरण



सुश्री कैलाशी देवी

वॉकर वितरण



सुश्री सोनाली रावत

लैपटॉप वितरण





सुश्री सोनाली रावत एवं श्री विनोद नेगी

कम्प्यूटर एवं फर्नीचर वितरण



श्री अंशुमन

व्हील चेयर वितरण



सुश्री रीना



श्री लव कुश



श्रीमती संकरी देवी

## गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र हर्रावाला, देहरादून









कम्प्यूटर प्रशिक्षक श्री धीरज रावत प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए

## शिक्षा हेतु सहायता



श्री अंशुमन गौड़



बेबी आरूहि रावत



श्री मनवर रावत





बेबी शवर्निका कंडारी



बेबी प्रियांशी

# प्रचार–प्रसार



परम पूजनीय परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी जी के आर्शीवाद स्वरूप

**गोकुल केन्द्र देहरादून** के तत्वाधान में

जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग,

नगर पालिका, जनपद टिहरी एवं भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से

**निःशुल्क स्वास्थय शिविर का आयोजन**

दिनाँक 27 मार्च 2022 (रविवार), समय प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक
स्थान : नगर पालिका परिसर, बौराड़ी, नई टिहरी
(रजिस्ट्रेशन दिनाँक 27 मार्च 2022 को आयोजन स्थल पर
प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक ही किया जायेगा।)

निःशुल्क जाँच एवं परामर्श

- न्यूरो रोग विशेषज्ञ–डॉ शशेन्द्र सक्सेना
- नाक कान गला रोग विशेषज्ञ–डॉ डी एम काला
- अस्थि रोग विशेषज्ञ–डॉ सन्तोष कु0 कर्नाटक

MAX HEALTHCARE मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल से फिजिशियन डॉ प्रेम नारायण वैश्य एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आंनदिता

दृष्टि — दृष्टि आई सेंटर से डॉ तुलासीप्रिया एवं डॉ वैभव भट्ट, नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र जाँच हेतु टीम

निःशुल्क दवा वितरण (जरूरतमंद व्यक्तियों हेतु)।

अन्य सुविधायें

- समाज कल्याण विभाग नई टिहरी द्वारा समस्त पेंशन योजनाओं हेतु जानकारी।
- जिला चिकित्साधिकारी, टिहरी द्वारा विकलांगता प्रमाण पत्र, चिकित्सा शिविर स्थल पर ही जारी किया जायेगा। (तीन नवीनतम विकलांगता दर्शाते हुये फोटो, एक फोटो पहचान पत्र या राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र साथ लाना आवश्यक है।)
- एनआईवीएच (NIVH) द्वारा जाँच के पश्चात निःशुल्क व्हील चेयर, बैसाखी, वाकिंग स्टिक, नजर के चश्में, हेयरिंग ऐड (दो फोटोग्राफ तथा रू0 15000/– से कम मासिक आय प्रमाण पत्र/बीपीएल कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करने पर)

निवेदक
मधु मैखुरी, सचिव एवं गोकुल परिवार
गोकुल सोसाइटी फॉर हैण्डीकैप्ड रजि (UK06008102020004905)
गोकुल परामर्श केन्द्र, 1/4 तेगबहादुर रोड, लेन न01 देहरादून
गोकुल आर्टिफिशियल लिम्बस सेंटर, गोकुल कम्प्यूटर सेंटर
दिल्ली फार्म, लेन न.2, हर्रावाला,देहरादून दूरभाष : 9411114794, 9536800747
ई–मेल : omgokul2002@yahoo.com वेबसाइट www.gokulatdoon.com
श्री भगवती रतूड़ी (इंचार्ज), श्री विपिन सिंह रावत (संयोजक), श्री धीरज रावत (संयोजक)



परम पूजनीय परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी जी के आर्शीवाद स्वरूप

**गोकुल केन्द्र**

द्वारा

**निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन समारोह**

दिनांक : 27 मार्च 2022 (रविवार) समय –प्रात : 11.30 बजे
स्थान : नगर पालिका परिसर, बौराड़ी, नई टिहरी

मुख्य अतिथि
**माननीया श्रीमती सीमा कृषाली**
अध्यक्षा, नगर पालिका, नई टिहरी

अति विशिष्ट अतिथि

**श्री आर के सिंह**
उप महाप्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक
जोनल ऑफिस, देहरादून

**प्रो. मोहन सिंह पंवार**
विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग,
हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल
विश्वविद्यालय

विशिष्ट अतिथि

**श्री किशन सिंह चौहान**
जिला समाज कल्याण अधिकारी,
नई टिहरी

**श्री सतीश चमोली**
सहायक महाप्रबन्धक, (रिटा)
भारतीय स्टेट बैंक

**में आप सादर आमंत्रित है**

निवेदक
गोकुल परिवार


विनीत
मधु मैखुरी
सचिव, गोकुल

गोकुल केन्द्र अधीन गोकुल सोसाइटी फॉर हैण्डीकैप्ड (रजि 4905)
गोकुल परामर्श केन्द्र, 1/4 तेगबहादुर रोड, लेन न0 1, देहरादून
गोकुल आर्टिफिशियल लिम्बस केन्द्र, गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र
दिल्ली फार्म, लेन न. 2, हर्रावाला, देहरादून दूरभाष : 9411114794, 9536800747
ई–मेल : omgokul2002@yahoo.com वेबसाइट www.gokulatdoon.com









परम पूजनीय परमाध्यक्ष श्री मोहन जगूड़ी जी के आर्शीवाद स्वरूप

**गोकुल केन्द्र**

द्वारा

**स्वास्थय जागरूकता कार्यक्रम**

दिनांक : 17 अप्रैल 2022 (रविवार) समय – सायंकाल 4.30 बजे
स्थान : गोकुल केन्द्र, 1/4 तेगबहादुर रोड, लेन–1, देहरादून

मुख्य अतिथि
**माननीय श्री सुरेश गड़िया**
विधायक, कपकोट विधानसभा क्षेत्र

अति विशिष्ट अतिथि
**श्री एस.सी. मित्तल**
संस्थापक एवं अध्यक्ष
इंसट्रोमन्ट एवं सिस्टम, देहरादून


मुख्य वक्ता
**डॉ. महेश कुड़ियाल**
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
सी.एम.आई. हॉस्पिटल, देहरादून

**में आप सादर आमंत्रित है**

निवेदक
समस्त गोकुल परिवार

विनीत
मधु मैखुरी
सचिव, गोकुल

गोकुल सोसाइटी फॉर हैण्डीकैप्ड रजि
गोकुल परामर्श केन्द्र, 1/4 तेग बहादुर रोड, लेन न0 1, देहरादून
गोकुल आर्टिफिशियल लिम्बस केन्द्र, गोकुल कम्प्यूटर केन्द्र
दिल्ली फार्म, लेन न0 2, हर्रावाला, देहरादून
मो0 9412962959
ई- मेल: omgokul2002@yahoo.com वेबसाइट www.gokulatdoon.com



एक सुहानी शाम महिलाओं के हुनर के नाम

कोमल फूल सी नाजुक, चांद की चांदनी सी दमकती,
सूरज का नूर चेहरे पर सजाये खुशियों की पायल छनकाती,
ममता के आंचल मे तारे सजाये, नारी रचनाकार का रूप सजा दुनिया को महकाने आये

अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गोकुल संस्था
आपकी गरिमामयी उपस्थिति की आकांक्षा करती है।

मुख्य अतिथि
माननीया श्रीमती सुशीला बलूनी, पूर्व अध्यक्षा उत्तराखण्ड महिला आयोग

विशिष्ट अतिथि

श्रीमती साधना शर्मा
अध्यक्षा, उमा संस्था

श्रीमती मंजू श्रीवास्तव
संस्थापिका, सृजन

दिनांकः 7 मार्च 2022 (सोमवार )
समयः अपराहन 3 बजे से सांय 5 बजे तक
स्थानः गोकुल केन्द 1/4 तेग बहादुर रोड लेन 1 देहरादून

निवेदक

मधु मैखुरी
सचिव

गोकुल परिवार